दिनांक 29.04.2025

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना बाजार शुक्ल पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को 24 घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर एवं परिजनों को सुपुर्द कर लौटाई परिजनों की मुस्कान।

दिनांक 28.04.2025 को श्रीमती रामकुमारी पत्नी पूर्वीदीन निवासी ग्राम कंचनगढ़ मजरे इन्दरिया थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी द्वारा थाना बाजार शुक्ल पर लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी नातिन लक्ष्मी पुत्री रामबहादुर निवासी ग्राम सराय थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र 11 वर्ष जो दिनांक 27.04.2025 को दिन में 12:00 बजे घर के बच्चों के साथ खेल रही थी। खेल-खेल में बच्चों के आपस में लड़ने से नाराज होकर कहीं चली गयी है। उक्त सूचना पर थाना बाजार शुक्ल पर मु0अ0सं0 101/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा ठीमें गठित कर उक्त गमुशुदा की बरामदगी हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये थे।

दिनांक 28.04.2025 को पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा आसपास के गांवों व बगीचों में उक्त गुमशुदा की तलाश की जा रही थी। तलाश के क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़की ग्राम पाली में टहल रही है, उक्त सूचना पर थाना बाजार शुक्ल पुलिस ग्राम पाली पहुंच कर बालिका को सकुशल बरामद किया गया तथा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बालिका को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया । परिजनों एवं ग्राम वासियों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

बरामद करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 दयाशंकर मिश्रा थानाध्यक्ष बाजार शुक्ल जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 सत्य प्रकाश तिवारी थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी।
3. का0 विजय कुमार थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी।
4. म0का0 पूजा यादव थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी।